## एक नजर में



### म.प्र. सड़क विकास निगम की सड़कों का मरम्मत कार्य प्रारंभ

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में अतिवृष्टि के कारण जिले की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई थी, वर्षाकाल समाप्त होने के बाद कलेक ?टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर एम.पी.आर.डी.सी. ने अपने अधिनस्थ सड़कों का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक श्री दीपक आड़े ने बताया कि अतिवर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई बैहर-सालेटेकरी सड़क, सिवनी-बालाघाट मार्ग एवं बैहर-मुक्की-गढ़ी मार्ग पर मरम्मत कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया गया है। यह मरम्मत कार्य 15 दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।



### आजीविका मिशन से जुड़कर पुस्तकला बनी लखपति दीदी

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के ग्राम बम्हनी की निवासी पुस्तीकला राउत का जीवन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद बदल गया है। पहले उसके पास रोजगार के साधन नहीं थे और पति मंगलेश को काम की तलाश में पलायन करना पड़ता था। लेकिन पुस्तकला की लगन एवं मेहनत से वह आजीविका मिशन की लखपति दीदी बन गई है।

12 वीं तक पढी पुस्तकला को पहले आजीविका मिशन के बारे में कुछ पता नहीं था। लेकिन गांव की कुछ महिलायें स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कार्य करती थी। पुस्तकला को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने भी वर्ष 2019 में पास-पड़ोस की महिलाओं को लेकर लक्ष्मी स्व सहायता समूह का गठन किया। समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं में बचत की भावना पैदा हुई। समूह की महिलायें हर माह एक नि ?श्चित राशि समूह के खाते में जमा करने लगी और जरूरत के समय नाम मात्र के ब्याज पर समूह की सदस्य को उधार भी देने लगी। धीर-धीरे समूह के पास अच्छी राशि जमा होने लगी। समूह की महिलाओं के अच्छे लेनदेन को देखकर आजीविका मिशन से समूह को रिवाल्विंग फंड की 12 हजार रुपये एवं सीसीएल की 03 लाख रुपये की राशि मिली। समूह की महिलाओं ने इस राशि का उपयोग अपने परिवार के लिए आय का जरिया पैदा करने में किया।

**आत्मसमर्पण** | पुनर्वास से पुनर्जीवन की ओर एक कदम

# सशस्त्र महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नवभारत, बालाघाट।** गृहमंत्री भारत सरकार एवम् माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश द्वारा लगातार नक्सलियों को आत्मसर्पण करने या कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई हैं,जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं ।बालाघाट में दिनांक 01.11.2025 को थाना लांजी के चौरिया कैंप अंतर्गत एक हार्डकोर सशस्त्र महिला नक्सली सुनीता पिता बिसरू ओयाम निवासी गोमवेटा तहसील भैरमगढ़ जिला बीजापुर ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और भारत के संविधान पर विश्वास जताते हुए जिला पुलिस के समक्ष स्वयं आकर आत्मसमर्पण कर दिया है।

सशस्त्र नक्सली सुनीता मलाजखंड दलम में एसीएम है,जो इंसास रायफल के साथ सशस्त्र नक्सली संगठन में मध्यप्रदेश,गोंदिया और राजनांदगांव (जीआरबी)डिविजन में सक्रिय थी ।जिस पर छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में कुल 14 लाख रुपए का ईनाम घोषित हैं ।सुनीता माओवादी संगठन में वर्ष 2022 से जुड़ी थी ।छत्तीसगढ़ के माड क्षेत्र में 06 माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उसने सीसी रामदेर के गार्ड के रूप में कार्य किया। मध्यप्रदेश पुलिस की आत्मसमर्पण , पुनर्वास सह राहत नीति 2023 के तहत यह पहला आत्मसमर्पण हैं और 1992 के बाद से पहली बार अन्य राज्य के



किसी सशस्त्र नक्सली कैडर ने मध्यप्रदेश शासन के सामने आत्मसमर्पण किया है। उल्लेखनीय हैं कि पिछले 10 महीनों में मध्यप्रदेश में 1.46 करोड़ रुपए के ईनामी नक्सलियों को ना केवल निस्क्रिय किया गया है,बल्कि सरकार सॉफ्ट टच एप्रोच के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास के रास्ते भी खोल रही हैं ।पिछले समय से लगातार चल रहे पुलिस आउटरीच प्रोग्राम के परिणामस्वरूप, सशस्त्र नक्सली सुनीता ने आत्मसमर्पण के लिए यह पहला कदम उठाया है।

बालाघाट पुलिस मध्यप्रदेश आत्मसमर्पण पुनर्वास सह राहत नीति 2023 के प्रावधानों के तहत आत्मसमर्पण कर सशस्त्र आंदोलन को छोड़ कर मुख्य धारा में आने वालों को सभी लाभ दिलाने के लिए कटिबद्ध हैं ।यदि कोई भी सशस्त्र आंदोलन छोड़कर मुख्य धारा में लौटना चाहता है तो बालाघाट पुलिस को 8770095306 एवम् 7587618533 पर संपर्क कर सकता हैं।

# नागरिक आईएसआई मार्क हेलमेट ही खरीदें

### हेलमेट विक्रेता दुकानों का अधिकारियों के दल ने किया निरीक्षण

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 02 नवंबर को मुख्यालय बालाघाट शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर संचालित हेलमेट दुकानों का निरीक्षण नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया, नापतौल विभाग के निरीक्षक कछवाहा एवं पुलिस की उपस्थिति में किया गया । अंबेडकर चौक पर संचालित हेलमेट की दुकान, मार्केट रोड पर सचिन माहूले एवं नरेश चावलानी की दुकान का निरीक्षण किया गया । जिसमें दुकानदारों के पास आईएसआई ढ्ढस्ढ्ढ मार्क वाले स्टड्स एवं स्टीलबर्ड कंपनी के



ढ्ढस्ढ्ढ मार्क वाले हेलमेट पाए गए । इसी कड़ी में गोंदिया रोड स्थित दुकान एवं पुलिस लाइन चौक पर संचालित हेलमेट की दुकान का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें ढ्ढस्ढ्ढ मार्क वाले हेलमेट पाए गए। दुकानों पर उपस्थित विक्रेता एवं नागरिकों को हिदायत दी गई कि वह ढ्ढस्ढ्ढ मार्क देख कर ही हेलमेट खरीदें ।

## बच्चों के समग्र विकास का माध्यम इंट्यूशन प्रोग्राम

### छठी इन्द्रिय से बच्चे जान सकते हैं सबकुछ

**नवभारत, बालाघाट।** जहां विज्ञान और अध्यात्म एक साथ मिलते हैं, वहीं योग है जन्म लेती है 'इंट्यूशन' — वही दिव्य क्षमता जिसे गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने आधुनिक युग में विश्व के सामने प्रस्तुत किया है।

आर्ट ऑफ लिविंग के इंट्यूशन अंत:प्रज्ञा प्रोग्राम के माध्यम से चेतना की तकनीक से बच्चों में ऐसी अद्भुत प्रतिभा विकसित होती है, जिससे वे बंद आंखों से वस्तुओं, रंगों को पहचानने और लिखे शब्दों को पढ़ने की क्षमता के साथ बंद आँखों से ही पेंटिंग भी कलरों के साथ उकेर देते हैं प्राप्त कर लेते हैं।

यह कार्यक्रम बच्चों के मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास का एक अद्भुत माध्यम है ।यह प्रशिक्षण बच्चों में —आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता को बढ़ाता है अज्ञात का भय दूर करता है एकाग्रता,



स्मरण शक्ति और भावनात्मक संतुलन को सुदृढ़ करता है,पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सुधार लाता है,मन को शांत, बुद्धि को तीक्ष्ण और सोच में पैनापन लाता है। हाल ही में आज नगर पालिका परिषद सभागार एवं निर्वाणा रेसिडेंसी में आयोजित सत्रों के दौरान विशेष अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग इंट्यूशन प्रोग्राम ग्रेजुएट बच्चे — ख्याती पटले, अक्ष चावला, आयू हीरापुरे,शौर्य ठाकुर,प्रध्दुम त्रिवेदी ने अपनी अद्भुत क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इन्होंने सबके सामने अपनी 'छठी इंद्रिय' (स्द्ब×ह्लद्ध स्द्गठ्ठह्यद्ग) का लाइव डेमो प्रस्तुत किया ।आंखें बंद रखकर विभिन्न वस्तुओं और रंगों की सटीक पहचान कर सबको अचंभित कर दिया ।इन बच्चों ने आंखें बंद रखकर वस्तुओं, रंगों और शब्दों को पहचानने की क्षमता का प्रदर्शन कर उपस्थित नागरिकों, अभिभावकों और अतिथियों को विस्मित कर दिया।

'यह इंट्यूशन प्रोग्राम प्रोसेस बच्चों में ऐसी अद्भुत क्षमताओं का विकास करती है, जो सामान्य समझ से परे होती हैं और उनके भीतर छिपी अनंत संभावनाओं को जागृत करती है।'यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण था कि योग, ध्यान और ईन्ट्यूशन प्रोसेस के नियमित अभ्यास से बच्चों के मस्तिष्क की गहराई और उनकी चेतना की शक्ति को जागृत किया जा सकता है ।कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इंट्यूशन प्रोग्राम कोई जादू नहीं, बल्कि बच्चों के मस्तिष्क की ऊर्जा और अंतर्ज्ञान को सक्रिय करने की वैज्ञानिक अध्यात्मिक योगिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा —जो देखकर भी विश्वास न हो, वही इस इंट्यूशन प्रोग्राम की सच्ची शक्ति है। यह बच्चों के भीतर छिपे सामर्थ्य को जागृत करता है ।

## सुसवा छात्रावास में भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### लांजी विधायक कर्राहे कार्यक्रम में शामिल हुए

**किरनापुर, नवभारत।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150 वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे के मुख्य आतिथ्य में ग्राम सुसवा में 01 नवंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर एवं छात्रावास के छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रावास में प्रदेश स्थापना दिवस भी मनाया गया। 02 नवंबर को बैहर के बैगा छात्रावास और एकलव्य विद्यालय में भी भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का स्वतंत्रता संग्राम के श्रेष्ठतम नायकों, योद्धाओं में विशेष स्थान है। ब्रिटिश शासन द्वारा प्रशासनिक सुधार के नाम पर वनों का





अधिग्रहण करते हुए जनजातीय समाज से भूमि का स्वामित्व छीनना तथा जबरन श्रम नीतियां लागू करने के विरोध में भगवान बिरसा मुंडा ने व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया। उनके आंदोलन का नारा 'अबुआ दिशुम-अबुआ राज' (हमारा देश-हमारा राज) युवाओं के लिए एक प्रेरणा मंत्र बन गया, जिससे हजारों युवा 'स्वधर्म' और 'अस्मिता' के लिए बलिदान देने हेतु प्रेरित हुए। जनजातियों के अधिकारों, आस्थाओं, परंपराओं और स्वधर्म की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने अनेक आंदोलन व सशस्त्र संघर्ष किए। अपने पवित्र जीवन लक्ष्य के लिए संघर्ष करते हुए वह पकड़े गए और मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में कारागार में दुर्भाग्यपूर्ण और संदेहास्पद परिस्थिति में उनका बलिदान हुआ। इस कार्यक्रम में विकासखंड किरनापुर एवं लांजी में संचालित छात्रावासों के छात्र छात्राएं भी उपस्थित हुए । कार्यक्रम के प्रारंभ में पारंपरिक वेश भूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने विविध प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा ने कहा कि छात्रावास हमारी प्राचीन परंपरा है। आप अनुशासन में रह कर पढाई करें । कार्यक्रम में लांजी की जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति अर्चना देवेन्द्र, उपाध्यक्ष श्री भुवन भाउ राहंडाले, जिला पंचायत सदस्य सुश्री डाली कावरे, ग्राम पंचायत सुसवा के सरपंच श्री प्रकाश बाहे एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए । भारत सरकार के निर्देश के अनुरूप धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन अवसर पर 01 से 15 नवंबर तक गौरव स्मृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर गौरव दिवस मनाया जाएगा।

# श्मशान घाट का टीन शैड गायब



### मामला ग्राम पंचायत खरपड़िया का

**नवभारत कटंगी।** ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के किस्से हमेशा सुर्खियों में रहते हैं जिसमें उनके द्वारा अनेक योजनाओं से प्राप्त शासकीय राशि को फर्जी बीलों के माध्यम से राशि का आहरण किया जाता है तथा ग्राम विकास के नाम पर घटिया कार्य कर अपना विकास करना आम बात आम बात हो गई है किंतु हद तो पार तब हो जाती है जब कोई सरपंच अपने आप को सर्वे सर्वा समझ कर स्वयं अपनी मर्जी से ही फैसला लेकर ग्राम पंचायत के बगैर प्रस्ताव पारित कीये और पंचों की सहमति के बिना ही चुपचाप में कार्यो को अंजाम देते हैं इसी तरह का मामला कटंगी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खरपड़िया का प्रकाश में आया है जिसमें सरपंच इंद्रपाल पटेल द्वारा अपनी स्वयं की मर्जी से शमशान घाट के टीन सेट और उसकी सामग्री को चुपचाप से अपने स्वयं के वेल्डिंग वर्कशॉप में रखवाकर अफरा तफरी कर दी मिली जानकारी अनुसार भूत पूर्व सरपंच द्वारा सन 2017-18 में सिवनहेटी के श्मशान घाट में टीन सेट का निर्माण रोजगार गारंटी योजना के तहत किया गया था जिसे वर्तमान सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत में बगैर प्रस्ताव और पचों की सहमति के बिना ही स्वयं अपनी मर्जी से पुराने टीन सेट को को खुलवाकर उसकी सामग्री तीन लोहे की कैंची तथा 6 नाग लोहे के इंगल तथा दस टीन निकलवा कर टेक्टर से परिवहन करते हुए ग्राम के ही बकरी चरवाहों ने देखा और ग्रामीणों को बताया तब ग्राम के पंच सोविंद ने वारे ,किशोर नेवारे ने सचिव महेंद्र डहरवाल को फोन पर सूचना दी जिसकी भनक लगते ही ग्राम वासियों और ग्राम पंचायत के पंचों ने आपत्ति लेते हुए सरपंच से जब सामग्री ले जाने की बात की तो सरपंच द्वारा कहा गया कि मैं किसी अन्य मद से शमशान घाट में टीन सेट का निर्माण करवा दूंगा जिसका पचों की उपस्थिति में सरपंच द्वारा एक पंचनामा भी बनाया गया जिसमें ग्राम पंचायत के पंच सोहन नेवारेकिशोर नेवारे सीताराम सलामे सुभाष पटले छाया भाई कस्तूरा बाई के हस्ताक्षर के साथ ही सरपंच ने स्वयं अपने भी हस्ताक्षर कीये और कहा की ग्राम का विकास करना है तो चुप रहो मैं किसी भी शासकीय मद से शमशान घाट में टीन सेट लगवा दुंगा किंतु लंबा समय व्यतीत होने के पश्चात भी सरपंच द्वारा श्मशान घाट में टीन सेट का निर्माण नहीं किया गया ना ही पुराने सेट की सामग्री का कहीं पता है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है इस संबंध मे ग्रामीणों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कटंगी, अनुविभागीय अधिकारी कटंगी, जिला पंचायत मुख्यकार्यकारी अधिकारी बालाघाट और जिला कलेक्टर को शिकायत प्रेषित की है।

## सिकन्द्रा, रामपायली व सावरी पंचायत की मंडई मे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



**नवभारत, वारासिवनी।** ग्रामीण उत्सव की परंपरा मे गत रात्रि मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने सिकन्द्रा पटेलटोला,रामपायली कसबीटोला,सावरी लोधिटोला की मण्डई में शामिल होकर एकता व संस्क्रति के प्रोत्साहन के प्रयासो की सराहना की। साथ ही इन पंचायतो के विकास कार्यो की समीक्षा कर जनता को शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे विषयो मे जागरूक भी किया।

इस अवसर पर गुडडा जायसवाल ने सांस्क्रतिक कार्यक्रमो मे जनमानस के भारी समुदाय को संबोधित करते हुये कहा की आज रामपायली क्षेत्र विकास कार्यो की झड़ी के कारण बदला हुआ नजर आ रहा है। बिठली पूल,नागथाना रोड जैसे बड़े कार्यो के कारण एक नयी चमक देखी जा रही है। हमारे समय मे रामपायली मेले में प्रसिद्व भजन गायिका अनुराधा पौडवाल जैसी गायिका के स्वर भी गूंजे है।

ग्राम सिकंदरा पटेलटोला में मण्डई के अवसर पर ड्रामा कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने सभी को ग्रामीण उत्सव व देवउठनी ग्यारस तुलसी विवाह की शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही गुड्डा भैया ने ड्रामा के कलाकारों के अभिनय व संवाद शैली की सराहना करते हुए कहा की सांस्क्रतिक कार्यक्रमो में हमारा शामिल होना भी एक पार्ट है। इससे हमारी एकता,संस्क्रति के साथ ग्रामीण विकास का चिंतन भी हो जाता है। कार्यक्रम की शुरुवात में शुभम शर्मा एंड टीम ने खाटू श्याम प्रभु का जन्मदिवस भी बेहद उत्साह से मनाया।

सिकन्द्रा के कार्यक्रम में विशेष रूप से सर्वश्री सुभाष पारधी किसान नेता,कन्हैया खैरवार सरपंच, विनय सुराना, माणिक ठाकरे,विनय सुराना,अमित चैधरी,घनश्याम पारधी,वीरेंद्र पारधी आदि उपस्थित भी रहे। रामपायली के कसबीटोला मे विशेष रूप से शानू भाई, नन्दकिशोर राणा,शिव राणा,रितिक पटले,युवराज राणा आदि उपस्थित रहे। इसी तरह सावरी लोधिटोला में सरपंच प्रतिनिधि रुस्तम दमाहे,श्रीमती पुष्पावती लिल्हारे पुर्व सरपँच,भुवन मेश्राम,रमेश मेश्राम,कवन मेश्राम,विनय सुराना आदि साथ भी रहे।

# प्रगतिशील कलार समाज ने जायसवाल के नेतृत्व मे समाज के भवन परिसर में किया पौधा रोपण

**नवभारत, वारासिवनी।** प्रगतिशील कलार समाज वारासिवनी द्वारा रविवार को स्थानीय समाज भवन गंगोत्री नगर में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया और समाज के विकास की नई रूपरेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के संरक्षक प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री और अध्यक्ष सुनील पिपरेवार द्वारा किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। इसके तुरंत बाद पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, समाज बंधुओं ने मिलकर



वृहद वृक्षारोपण कर परिसर को हरा-भरा (हरित) करने का कार्य किया।

समाज के संरक्षक प्रदीप जायसवाल एवं अध्यक्ष सुनील पिपरेवार ने अपने उद्बोधन में समाज के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने समाज को और आगे बढ़ाने तथा एकजुटता बनाए रखने के संबंध में सारगर्भित विचार व्यक्त किए। जिससे उपस्थित सभी सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

समाज को नई दिशा देने और युवा शक्ति को संगठित करने के उद्देश्य से आज युवा मंडल का गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सर्वसम्मति से युवा मंडल के अध्यक्ष के रूप में कुलदीप डहरवाल एवं सचिव के रूप में अभिषेक चंद्रावर को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त युवा मंडल अध्यक्ष और सचिव को आगामी रविवार तक अपनी पूर्ण समिति का गठन करने के निर्देश भी प्रदान किये गये।

**निरीक्षण** | वैश्विक स्तर की सुविधा मिलने से खेल जगत ने हर्ष के साथ नपा परिषद के कार्य का किया स्वागत

# इंडोर स्टेडियम के वूडन डबल कोर्ट मे सिंथेटिक सीट लगने के कार्य का जायसवाल ने किया निरीक्षण

**नवभारत, वारासिवनी।** जनप्रतिनिधी मे अगर खिलाडी गुण हो तो खेल सुविधा मे अंतर भी वैश्विक स्तर की तरह नजर आ जाता है। गत माह नगर के स्पोर्टस हब इंडोर स्टेडियम के खिलाडीयो ने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के निवास पर जाकर बैडमिंटन के एकल और युगल वूडन कोर्ट को परिवर्तीत कराकर सिथेंटिक कोर्ट करने की मांग रखी थी।

जिसका आज असर भी देखा गया। पूर्व मंत्री के निर्देश पर नपा परिषद ने मांग के साथ ही नपा निधि से नौ लाख रूपये का पैकेज कार्य रिलिज किया था। जिसमे बैडमिंटन सिथेंटिक कोर्ट के साथ प्रकाश व्यवस्था, कैरम व पूल टेबल की सुविधा संयुक्त रूप से थी। आज निरिक्षण के दौरान ही इंडोर स्टेडियम मे बारहमासी कराटे व कबडडी के अभ्यास को देखकर सभी ने प्रसन्नता भी जाहिर की।

एक सवाल पर गुडडा जायसवाल ने यह भी कहा की इंडोर स्टेडियम के बाजू मे एक स्पोर्टस हब गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। जिसमे दिग्गज खिलाडीगणो के साथ वीआईपी सहित बडे कलाकारो के विश्राम के साथ चेंजिग रूम की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसी तरह एक सप्ताह के भीतर इंडोर स्टेडियम के बाजू मे विशाल स्विमिंग पूल का कार्य भी शुरू कराकर तैराकी खेलो की सुविधा प्रतिभावान बच्चो को प्रदान की जा रही है।

बेडमिंटन के सिनियर खिलाडी नवीन सुराना ने पूछे जाने पर बताया की सिंथेटिक कोर्ट की सुविधा एक व्यापक व बडी



सुविध है। प्रत्येक खिलाडी का सपना होने से यह सुविधा वारासिवनी मे उपलब्ध हो रही है। इसके लिये वे खेल जगत की ओर से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का आभार भी व्यक्त करते है। इस सुविधा से खिलाडीयो के खेल मे निखार के साथ चोट आने की संभावना भी पुरी तरह समाप्त हो जाती है। और वूडन कोर्ट की लाईफ भी बड जाती है। अब वारासिवनी के खिलाडीगण बेसब्री से सांसद खेल कप मे बेडमिंटन फाईनल का वारासिवनी मे होने की तिथी का प्रतिक्षा भी कर रहे है। आज वारासिवनी ने खेल जगत को उल्लेखनीय सौगात दी है। जिसका खेल जगत हर्ष के साथ स्वागत भी करता है।

### सिंथेटिक कोर्ट को विश्व महासंघ की है अधिकारिक अनुमति

आज जिले के प्रथम बैडमिंटन कोर्ट मे सिथेंटिक सीट लगने के कार्य का गुडडा जायसवाल की ओर से निरिक्षण भी किया गया। इस अवसर उन्होने पूछे जाने पर बताया की इस डबल कोर्ट के 17 मीटर बाय 18 मीटर पूरे क्षेत्र मे सिथेंटिक सीट लगा दी गयी है। जिसे बैडमिंटन विश्व महासंघ द्वारा पेशेवर मैचो के लिये भी अधिकारीक रूप से मंजूदी दी गयी है। इस कार्य से इस खेल के खिलाडीयो की उछाल सहित बेहतर पकड मे निश्चित ही अंतर प्रतित होगा। साथ ही खिलाडी अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओ को प्राप्त कर खेल मे प्रवीणता हासिल करेंगे।